8 OCT 3 2026.qxd 07-10-2026 23:02 Page 1

२०४७ तक विकसित भारत बनाना ही हमारा संकल्प-केशव

डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओंको समर्पित किया सेवा ज्योति कलश और मशाल बोले- जनसेवाकी रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा यात्रा के २५ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को संगम नगरी में सेवा ज्योति यात्रा का शुभारम्भ किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता को सेवा रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं सेवा ज्योति मशाल को जनता एवं कार्यकर्ताओं को समर्पित किया। समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री



ज्योति मशाल समर्पित किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम ने कहा कि २०४७ तक विकसित भारत बनाना ही हमारा संकल्प है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रयागराज जनपद के सिविल लाइन्स स्थित सुभाष चौराहे पर आयोजित तीनों संगठनात्मक जनपदों के संयुक्त कार्यक्रम 'सेवा ज्योति यात्रा' में मुख्य अतिथि के

डिप्टी सीएम केशव मौर्य आज करेंगे बैठक

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का गुरुवार को भी नगर में कार्यक्रम रहेगा। वह प्रातः १०.४५ बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पर आयेंगे। उसके बाद डिप्टी सीएम पूर्वान्ह ११ बजे केपी कम्यूनिटी सेंटर में' पार्टी की एक बैठक में शामिल होंगे।वह दोपहर १२:४० बजे सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। तदोपरांत वह विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। शाम ३:३० बजे डिप्टी सीएम पुलिस लाइन हैलीपैड से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

श्री मौर्य ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के २५ वर्षों के कार्यकाल को जनसेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित एक प्रेरणादायी मिसाल बताया। कहा कि प्रधानमंत्री के जनसेवा के २५ वर्ष स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम और युगांतकारी अध्याय है। एक सच्चे तपस्वी की तरह उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। उनके दूरदर्शी निर्णयों, ऐतिहासिक सुधारों और सुशासन से आए मूलगामी बदलावों ने न केवल वर्तमान को संवारा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत, स्वाभिमानी और सुरक्षित भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

श्री मौर्य ने कहा कि हम सभी गौरवशाली हैं कि उस दौर में सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं जब देश प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।' उन्होंने कहा– 'विश्वास करो तुम मोदी पर, यह नवयुग का निर्माता है, ऐसा नेता इस धरती पर एक बार ही आता है।' उप मुख्यमंत्री ने रेखांकित किया कि डबल इंजन सरकार का एक ही मूल मंत्र है– वर्ष २०४७ तक 'विकसित भारत' व 'आत्मनिर्भर भारत' का निर्माण करना और विश्व के हर क्षेत्र में तिरंगे का मान, सम्मान और गौरव बढ़ाना। कहा कि डबल इंजन की सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका सम्मान' के संकल्प के साथ समाज के हर वर्ग के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

यात्रा का समापन सुभाष चौराहे पर हुआ। जहां प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन को कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने सुना। यात्रा संयोजक मंजीत कुशवाहा रहे। इस अवसर पर प्रयागराज महानगर प्रभारी राकेश त्रिवेदी, सांसद प्रवीण पटेल, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, गुरु प्रसाद मौर्य, दीपक पटेल, राजमणि कोल,एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ल, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, पूर्व विधायक कलेक्टर पाण्डेय, रणजीत सिंह, विभव भारती, योगेश शुक्ला,सुबोध सिंह,डा.शैलेश पांडेय, विक्रमजीत सिंह भदौरिया, रमेश पासी, अनुज कुशवाहा, आनंद सोनकर,संजीत कुशवाहा, दीप द्विवेदी, विवेक मिश्रा, पवन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

१७ गाड़ियोंका मार्ग रहेगा परिवर्तित

रेल प्रशासन द्वारा गोरखपुर-गोंडा खंड में स्वामी नारायण छपिया, मस्कनवा, लखपतनगर और मनकापुर स्टेशनों के बीच स्वचालित सिग्नलिंग को चालू करने के लिए किये जा रहे नान-इंटरलाकिंग कार्य हेतु आठ से ११ अक्तूबर की तिथि में १७ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जा जायेगा।

कारसे आईफोन लेकर भागे शातिर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के धोबीघाट चौराहे पर कार की खिड़की से हाथ डालकर दो युवक आईफोन लेकर भाग गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश कर रही है।

सादियापुर निवासी अनुराग आर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पत्नी के साथ पारिवारिक मित्र के घर से लौट रहे थे। धोबीघाट चौराहे के पास दोनों कार से बाहर खड़े थे।

कार की खिड़की का शीशा नीचे था और अंदर उनका एप्पल आईफोन रखा था। इसी दौरान दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और तेजी से कार के अंदर हाथ डालकर मोबाइल उठा लिया। दोनों भाग निकले और देखते ही देखते आंखों से ओझल हो गये। पुलिस मोबाइल को ट्रैक करने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

आंधीसे लड़खड़ायी दर्जनों मोहल्लोंकी बिजली आपूर्ति

शाम को एक बार फिर से मौसम के करवट बदलने के साथ ही आंधी का दौर शुरू हो गया। बिजली लाइनों के अधिक नुकसान से बचाने के लिए विद्युत उपकेन्द्रों के इलाके को बिजली आपूर्ति करने वाले फीडर को बिजली कर्मचारियों ने बंद कर दिया। कुछ देर बाद आंधी रूकने के बाद एक एक कर फीडरों की आपूर्ति बहाल की जाने लगी। इस दौरान नगर के कई इलाकों बघाड़ा, गोविंदपुर, दारागंज, जार्जटाउन, टैगोर टाउन, बैरहाना, गऊघाट, रामबाग, कल्याणी देवी, करेली, करेलाबाग, कसारी मसारी, बमरौली, कानपुर रोड, बेली, कटरा, मानसरोवर, चौक गली मोहल्लों में तारों के टूटने और पेड़ों की डालियों के तारों पर गिरने से बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। जब शाम को काफी देर तक बिजली नहीं आयी तो लोगों को पेयजल की समस्या बनने पर विद्युत उपकेन्द्र पर सम्पर्क किया तो कर्मचारियों ने बताया तार टूटने से बिजली की आपूर्ति बहाल हो जायेगी।हाल यह रहा है कि मरम्मत के बाद देर रात

विद्युत उपकेन्द्रों के बंद किये फीडर, परेशान रहे लोग

दिक्कत आयी है। मरम्मत का कार्य चल रहा है। कुछ देर में बिजली तक नगर के अलग अलग हिस्सों में बिजली के आने जाने का क्रम चलने

जमीनके विवादमें मारपीट, धमकी

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के असरावे कला गांव में भूमि विवाद को लेकर दबंगई का मामला सामने आया है। आरोप है कि राजस्व टीम द्वारा नाप कर पत्थर और मेड़ से चिन्हित की गई जमीन पर विपक्षियों ने ट्रैक्टर चला दिया। मेड़ और लगाए गए पत्थर तोड़ दिए। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में १२ नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।असरावे कला निवासी बजरंग पुत्र जगन्नाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विपक्षियों ने जानबूझकर राजस्व टीम द्वारा चिन्हित पत्थर और मेड़ तोड़ दी और ट्रैक्टर से जमीन जोत दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह अपनी जमीन पर जाता है तो आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। मामले में पुलिस ने वीरेंद्र सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह यादव, जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू, धीरेंद्र सिंह यादव, राम नरेश यादव, निनितिन यादव, राजा राम, रवि यादव, छवि राम सिंह यादव, प्रीतम सिंह यादव, महेंद्र सिंह यादव और लालजी यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सोशल मीडियामें जया पालको धमकी मामलेमें जांच तेज

धमकी वाले पोस्ट एवं वीडियोके स्त्रोत खंगाल रही धूमनगंज पुलिस

उ मेश पाल की पत्नी और भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश मंत्री जया पाल को सोशल मीडिया पर आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दिए जाने के मामले में धूमनगंज पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस ने जया पाल के बयान दर्ज कर सोशल मीडिया अकाउंट और पोस्ट की गतिविधियों के आधार पर धमकी देने वालों की पहचान शुरू कर दी है। जया पाल ने हाल ही में धूमनगंज थाने में दो अलग-अलग तहरीर दी थीं। पहली तहरीर में सोशल मीडिया पर आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। वहीं, दूसरी तहरीर में एक संदिग्ध कार से उनकी गाड़ी का पीछा किए जाने की बात कही गई थी। उन्होंने पिछले कुछ दिनों से रेकी किए जाने की आशंका भी जताई है। पुलिस सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट और वीडियो की काड़ियां जोड़ने में जुटी है। यह पता लगाया जा रहा है कि अतीक के बेटों की फोटो किस अकाउंट से अपलोड की गई, वीडियो किस अकाउंट से शेयर हुआ और धमकी वाले संदेश कहां से जनरेट किए गए। पोस्ट में किन-किन लोगों को टैग किया गया था, इसकी भी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जया पाल के पति अधिवक्ता उमेश पाल की फरवरी २०२३ में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में अतीक अहमद और उसके गिरोह से जुड़े लोगों पर आरोप लगे थे।

सीडीओ ने मूक बधिर स्कूलमें देखी भोजनकी गुणवत्ता

जार्जटाउन स्थित मूक बधिर स्कूल में बुधवार को सीडीओ श्रीमती हर्षिका सिंह ने औचक निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता परखी और बच्चों को दी गयी व्यवस्था को देखा। उन्होंने बच्चों के खाने की गुणवत्ता में सुधार लाने, बच्चों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने, नियमित रूप से परिसर की साफ-सफाई करने एवं दिव्यांग बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के लिए प्रधानाचार्य को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अशोक कुमार गौतम जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, चंद्रभान द्विवेदी समन्वयक बचपन के डे केयर सेंटर, केएन मिश्रा प्रधानाचार्य एवं अरविंद शर्मा वार्डन एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिवक्तासे मारपीट, घरमें घुसकर तोड़फोड़ एवं फायरिंग

शराब पीनेसे मना करनेपर हमला, फोन एवं नकदी ले गये आरोपित

जार्जटाउन थाना क्षेत्र के अल्लापुर में घर के बाहर शराब पीने से मना करने पर अधिवक्ता से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और अधिवक्ता को दोबारा पीटा। इसके बाद घर में रखा फोन और १२३० रुपये लेकर हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। जार्जटाउन पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

अल्लापुर निवासी अधिवक्ता अभिजीत राय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार अक्टूबर की रात दिलीप, रूप कुमार और चार-पांच अज्ञात लोग उनके दरवाजे पर बने चबूतरे पर बैठकर शराब पी रहे थे।

मना करने पर आरोपित गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लात-घूंसों और डंडे से मारपीट कर उनका सिर फोड़ दिया। आंख के पास भी गंभीर चोट आई। वह जान बचाकर घर के अंदर भागे तो आरोपित घर में घुस आए और तोड़फोड़ करते हुए फिर मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपित आईफोन और नकदी लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई में फायरिंग कर भाग गए। तहरीर में दिलीप को जार्जटाउन थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है।

जार्जटाउन पुलिस का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर ली गयी है जांच की जा रही है।

दुकानमें घुसकर व्यापारीपर लोहेकी राडसे हमला

मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र में दुकान में घुसकर व्यापारी से मारपीट और लोहे की राड से हमला करने का मामला सामने आया है। व्यापारी मंजीत केसरवानी का आरोप है कि मनोज, विनोद, राजेश, अमन, कृष्णा, समर, नमन समेत अन्य लोग दुकान में घुसे और कालर पकड़कर उन्हें बाहर खींच लिया। इसके बाद लाठी-डंडे और लात-घूंसों से पीटा। एक आरोपित ने लोहे की राड से सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। मारपीट में उनके बेटे कार्तिकेय को भी चोट लगी।मंजीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना दो अक्टूबर की रात की है। आरोप है कि हमलावर आए दिन उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। थाने में शिकायत करने पर परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने पांच अक्टूबर को मुट्ठीगंज थाने में तहरीर देकर काररवाई की मांग की थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जन कल्याणके लिए डाली आहुति, बांटा प्रसाद

प्राचीन श्री दधिकांदो मेला कमेटी कृष्णानगर त्रिवेणी मार्ग कीडगंज की ओर से श्री ज्ञान पुस्तकालय के प्रांगण में चल रहे भागवत कथा की विश्राम दिवस पर बटुक महाराज ने विधि विधान पूर्वक भागवत कथा का हवन यज्ञ का मंत्रों जाप किया और महापौर सहित अन्य लोगों ने श्री मद्भागवत कथा की पूर्ण आहुति यज्ञ किया और जन कल्याण की कामना करते हुए आहुति डाली।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस मौके पर चारों धाम के देवता बद्रीनाथ, जगन्नाथ, द्वारकानाथ, रामेश्वरनाथ का पूजन किया गया।

साथ ही विशाल भंडारे का प्रसाद आयोजन किया गया। कथा के विश्राम दिवस पर ब्रह्मचारी श्रीधरानंद महाराज, विधायक दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी, डा.कृतिका अग्रवाल, विजय मिश्रा, पप्पू कटरा, मनीष केसरवानी, अजय जायसवाल, बाबी, खन्ने सोनकर, अमरेश जायसवाल, कृष्णा साहू, रमन गुप्ता, अंकुश शर्मा, ईशू केसरवानी सुभाष वैश्य आदि भक्तों ने यज्ञोपवीत में आहुति डाली।

तेज हवाओंने बदला मौसमका मिजाज, तापमान गिरा

नगर और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार की शाम को तेज हवाओं के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। पिछले कई दिन से तेज



धूप और गर्मी झेल रहे संगमनगरीवासियों को जल्द ही राहत मिल सकती है। बुधवार को दोपहर में आसमान में बादलों की आवाजाही और शाम को तेज हवा के झोकों के कारण मौसम ने एक बार फिर से करवट ले ली है।

मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को जनपद में अधिकतम तापमान ३३.८ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २४.३ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बीते कुछ दिनों की तुलना में आज तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस की कमी देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी आसमान में आंशिक रूप से बादल भी दिखेंगे, जिसके बीच से बादलों की ओट से धूप की भी सम्भावना है। हालांकि बादलों और धूप के लुकाछिपी के कारण हल्की उमस या फिर सामान्य तापमान बना रह सकता है। वहीं, सुबह से दोपहर के बीच कहीं-कहीं बहुत हल्की बारिश होने की सम्भावना है। कुछ स्थानों पर ३० से ४० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान करीब ३३ डिग्री सेल्सियस रह सकता है। यानी हाल के दिनों की तेज धूप और करीब ३५-३७ डिग्री तक पहुंच रहे तापमान के मुकाबले मौसम का तेवर कुछ नरम हो सकता है।

कोर में हुईं विविध खेल प्रतियोगिताएं

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर), प्रयागराज में चल रहे 'स्वच्छता ही सेवा-२०२६' अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों के बच्चों में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से कैरम एवं म्यूजिकल चेयर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल ५१ बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रत्येक आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। पुरस्कार वितरण समारोह में महाप्रबंधक, कोर अशोक कुमार वर्मा ने विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कांशीरामके परिनिर्वाण दिवसपर बसपा का 'लखनऊ चलो' आह्वान

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर नौ अक्तूबर को लखनऊ में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रयागराज मंडल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे। बसपा की ओर से प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर के पदाधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों, बूथ कमेटी सदस्यों, कार्यकर्ताओं और बहुजन समाज के लोगों से 'लखनऊ चलो' का आह्वान किया गया है। उक्त जानकारी बसपा के मुख्य मंडल जोन प्रभारी प्रयागराज मंडल पंकज गौतम ने दी है।

स्थापनाके लिए तैयार होने लगी मां दुर्गाकी भव्य प्रतिमा

पण्डालों में स्थापना के लिए मां दुर्गा की प्रतिमा को कलाकार अंतिम रूप दे रहे हैं। मूर्तिकारों के मुताबिक पांच फिट से लेकर १५ फिट तक की मूर्तियां बनायी जा रही हैं। सबसे छोटी मूर्ति की कीमत पांच हजार हैं, जबकि सबसे बड़ी मूर्ति पच्चीस हजार रुपये में उपलब्ध है। सभी मूर्तियां पूर्व आदेश पर बनायी जा रही हैं। कलाकार इन मूर्तियों को समय पर पूरा करने में जुटे हुये हैं ताकि दुर्गा पूजा के दौरान इनकी स्थापना की जा सके।

इसमें बांस, पुआल और विशेष मिट्टी से मां दुर्गा और उनके परिवार



की भव्य मूर्तियां तैयार की जाती हैं। सबसे पहले कलाकार बांस और लकड़ी के सहारे मूर्ति का मुख्य ढ़ांचा तैयार करते हैं। इस ढांचे पर पुआल बांधकर उस पर मिट्टी और जूट के रेशों का लेप लगाया जाता है, ताकि मूर्ति को मजबूत और चिकना आकार मिल सके। परंपरा के अनुसार मूर्ति को स्वरूप देने में गंगा की पवित्र मिट्टी का विशेष महत्व होता है। मूर्ति सूखने के बाद बारीक नक्काशी की जाती है, सुंदर रंगों से पेंट किया जाता है। फिर पारंपरिक वस्त्रों व आभूषणों से उनका शृंगार किया जाता है। अपने कार्यशाला में मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं।

इविवि की छात्रासे छेड़खानी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

बिना नंबर प्लेटकी स्कूटीसे पीछा कर की थी अभद्र टिप्पणी

इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) की बीएएलएलबी छात्रा से छेड़खानी और अभद्र टिप्पणी करने के आरोपित मोहम्मद अमान को कर्नलगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की स्कूटी भी बरामद की है।

मूलरूप से बिहार के लखीसराय की रहने वाली छात्रा इविवि में बीएएलएलबी की पढ़ाई कर रही है। छात्रा के अनुसार, ३० सितंबर को दोपहर करीब ३:१० बजे वह कक्षा से छात्रावास जा रही थी। बैंक रोड स्थित राजर्षि टंडन सेवा केंद्र के पास पहुंचने पर पीछे से स्कूटी सवार युवक आया। आरोप है कि उसने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करते हुए अभद्र टिप्पणी की और इसके बाद तेजी से फरार हो गया।

छात्रा की सूचना पर कर्नलगंज पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक रोड निवासी मोहम्मद अमान को गिरफ्तार कर लिया। कर्नलगंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

शादीका झांसा देकर प्रतियोगी छात्राका शारीरिक शोषण

जबरन कराया गर्भपात, ढाई लाख रुपये भी लेनेका आरोप

कर्नलगंज थाना क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर करीब तीन साल तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि युवक शादी का भरोसा देकर उससे करीब ढाई लाख रुपये अपने बैंक खाते में मंगवाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। आरोप है कि आरोपित ने जबरन पीड़िता का गर्भपात भी करवा दिया। कर्नलगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अंबेडकरनगर के थाना महरुआ निवासी मयंक सिंह बातचीत होती थी। आरोप है कि १४ अगस्त २०२३ को मयंक ने उसे मम्फोर्डगंज स्थित होटल ले गया, जहां उसकी इच्छा के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत करने की बात पर उससे शादी करने का वादा किया। इसके बाद वह लगातार शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा और इस दौरान करीब ढाई लाख रुपये अपने बैंक खाते में मंगवाए। इस दौरान जबरन गर्भपात कराया गया, २० फरवरी २०२६ को लिखित में शादी करने का भरोसा दिया लेकिन इसके बावजूद वह मुकर गया। कर्नलगंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

प्रयागराजमें तीन आईपीएस अधिकारियोंका तबादला

कुंवर ज्ञानंजय सिंह बने डीसीपी

प्रदेश में हुए आईपीएस अधिकारियों के तबादले में प्रयागराज को तीन नई तैनातियां मिली हैं। हापुड़ के एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को प्रयागराज कमिश्नरेट में डीसीपी बनाया गया है। मुजफ्फरनगर के एसएसपी संजय कुमार को प्रयागराज स्थित चतुर्थ वाहिनी पीएसी का सेनानायक नियुक्त किया गया है। वहीं, चतुर्थ वाहिनी पीएसी के सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्रा को मऊ का एसपी बनाया गया है।२०१६ बैच के आईपीएस-एसपीएस अधिकारी कुंवर ज्ञानंजय सिंह हापुड़ में एसपी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। प्रयागराज में उनकी तैनाती माघ मेला समेत आगामी बड़े आयोजनों के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। डीसीपी के रूप में उनके सामने कानून-व्यवस्था के साथ यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने की भी जिम्मेदारी होगी।२०१४ बैच के आईपीएस-एसपीएस अधिकारी संजय कुमार को मुजफ्फरनगर के एसएसपी पद से स्थानांतरित कर प्रयागराज चतुर्थ वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। वह मुजफ्फरनगर में एसएसपी के पद पर तैनात थे। अब वह प्रयागराज में पीएसी की कमान संभालेंगे। वहीं, चतुर्थ वाहिनी पीएसी के सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्रा को मऊ का एसपी नियुक्त किया गया है। इस तबादले के बाद प्रयागराज कमिश्नरेट और पीएसी में नई जिम्मेदारियों के साथ अधिकारियों की तैनाती होगी।

भारतीय सभ्यताकी पहचान करायेगा जीटीबी नगर का दुर्गापूजा पण्डाल

कोलकातासे आये १५ कारीगर तैयार कर रहे पण्डाल पूजा पण्डाल मार्ग क्षतिग्रस्त, प्रशासनसे दुरुस्त करनेकी गुहार

करेली जीटीबी नगर दुर्गापूजा कमेटी की ओर से तैयार हो रहा दुर्गा पूजा पण्डाल इस वर्ष हमारी भारतीय सभ्यता की पहचान करायेगा। मुख्य द्वार से लेकर भीतर तक श्रद्धालु अपनी सभ्यता का बोध करेंगे।

करेली जीटीबी नगर दुर्गापूजा कमेटी इस वर्ष अपना ४२वां वर्ष मना रहा है। इस बार की थीम 'विरासत से वर्तमान तक-संस्कृति की अनमोल यात्रा, नंदी की पावन कथा, हमारी सनातन आस्था की गाथा। पुरानी वस्तुओं में छिपी है हमारी सभ्यता की पहचान।

बीते युग की स्मृतियां से जानें अपनी जड़ों का सम्मान और अपनी विरासत जाने, अपनी संस्कृति पहचाने और भविष्य संवारे, रखी गयी है। मुख्य द्वार से ही हमारी सभ्यता से लोगों को जोड़ने के लिए पण्डाल को आकार दिया जा रहा है। कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप दत्ता ने बताया कि कोलकाता से आये १५ कारीगर पण्डाल के निर्माण कार्य में



जुटे हैं। कोलकाता से आये कारीगर गौतम पाल मां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। नवरात्र के दूसरे दिन १२ अक्तूबर को प्रतिमा लायी जायेगी और १६ अक्तूबर को पण्डाल में स्थापित होंगी। इसके साथ ही आकर्षण एलईडी लाइट से पूरे पण्डाल को सजाया जायेगा। अध्यक्ष के अनुसार दुर्गापूजा पण्डाल तक पहुंचने वाला मार्ग काफी क्षतिग्रस्त है। प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द मार्ग को दुरुस्त करायें ताकि श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो।

१५ दरोगाओं का तबादला, चार चौकियोंपर बदले प्रभारी

कमिश्नरेट प्रयागराज में कानून-व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए पुलिस विभाग में फेरबदल किया गया है। १५ उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। इनमें चार चौकियों पीपलगांव, साईं धाम, हटिया और अटाला पर नए प्रभारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा कई दरोगाओं को थानों और पुलिस की विभिन्न शाखाओं में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।तबादला सूची के अनुसार, पीपलगांव चौकी प्रभारी राहुल कुमार सिंह को हटाकर साईं धाम चौकी प्रभारी बनाया गया है। कुमार गौरव सिंह को पीपलगांव चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। सूर्यकांत सिंह को थार्नहिल चौकी प्रभारी बनाया गया है। कर्नलगंज थाने में तैनात महिपाल यादव को अटाला चौकी प्रभारी बनाया गया है।पुलिस उपायुक्त नगर कार्यालय में तैनात दीपक नागर को बक्शी खुर्द चौकी प्रभारी बनाया गया है, जबकि नगर जोन में तैनात धर्मेंद्र कुमार को हटिया चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। दरोगा ओम प्रकाश को धूमनगंज थाने में तैनाती मिली है। इसी तरह संजय कुमार को शाहगंज, छाया मिश्रा को शिवकुटी, सैयद जुबैर शरीफ को कैंट और अजय कुमार को खुल्दाबाद थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तबादलों के जरिए चौकी और थाने स्तर पर पुलिस व्यवस्था को और सक्रिय करने की कवायद की गई है।

